आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारंभ किया। आयोजन के दौरान उन्होंने जापान को आम निर्यात करने वाले कंटेनर्स को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। आम महोत्सव में आए प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के साथ साथ मुख्यमंत्री ने महोत्सव से जुड़ी स्मारिका का विमोचन भी किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल आम उत्पादन का पच्चीस से तीस फीसदी अकेले प्रदेश में होता है। प्रदेश सरकार पिछले सात आठ वर्षों से आम महोत्सव आयोजित करती है। अपने प्रगतिशील किसानों और बागवानों को सम्मानित करती है। प्रदेश के उत्पादित आम को हम न केवल देश में बल्कि दुनिया की मार्केट में पहुंचा सकें इसके लिए सरकार यह प्रयास करती है। आम महोत्सव जैसे लखनऊ में आयोजित हो रहा है, ऐसे आयोजन देश दुनिया में भी किये जाते हैं।

****

प्रदेश में हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बारह जिलों में जनजीवन बाढ़ से प्रभावित है । नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण लखीमपुर खीरी, सीतापुर, पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बस्ती, बाराबंकी, गोंडा, बलिया, सिद्धार्थ नगर, शाहजहांपुर और कुशीनगर में बाढ़ का असर बना हुआ है। प्रदेश के कुछ जिलों में राहत और बचाव कार्य के लिए सेना की भी मदद ली जा रही है।

पीलीभीत जिले का बीसलपुर तहसील बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि वहां तीन दर्जन से अधिक गांव बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं और लोगों ने घरों की छतों पर शरण ली है। शाहजहांपुर जिले में भी बाढ़ के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त है । वहां के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह बाढ़ राहत शिविर का दौरा कर लोगों के बीच राहत सामग्री बांट रहे हैं। शाहजहांपुर में सेना की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है।

उधर, मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में भी प्रदेश के कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस दौरान आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई गयी है।

****

नेपाल के चितवन जिले के नारायणघाट–मुगलिंग सड़क मार्ग पर सिमलताल क्षेत्र में यात्रियों को ले जा रही दो बसे भूस्खलन के कारण आज सुबह त्रिशूली नदी में गिर गयी, जिनमें 65 यात्री सवार थे। नेपाल पुलिस के अनुसार, काठमांडू से रौतहट के गौर जा रही एक बस में 41 लोग सवार थे और बीरगंज से काठमांडू जा रही दूसरी बस में 24 लोग सवार थे, जिनमें 7 भारतीय भी शामिल थे। नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के आपदा प्रबंधन दल के साथ गोताखोर बचाव अभियान चला रहे हैं और बचाव कर्मी सडक मार्ग बहाल कर रहे हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने ट्वीट किया है कि वे इस घटना से बेहद दुखी हैं और उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

****

सावन माह में वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन के लिए बड़ी तादात में आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। इस दौरान देश के कोने कोने से आने वाले भक्तजन की सुविधा के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर विविध प्रकार के प्रयास कर रहा है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि इस बार श्रावण मास 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त तक रहेगा। इस अवधि में मंदिर प्रशासन द्वारा गोदौलिया से गेट नंबर 4 और मैदागिन से गेट नंबर 4 तक धाम में दर्शन के लिए आने वाले विशिष्ट, अतिविशिष्ट, वृद्ध, दिव्यांगजन और अशक्त दर्शनार्थियों को ई–रिक्शा से आने की सुविधा दी जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से संपूर्ण धाम क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे से लैस करते हुए कंट्रोल रूम को स्थापित किया गया है। इस बार एक नई व्यवस्था करते हुए ललिता घाट पर भी जर्मन हैंगर लगाया गया है और जिगजाग की व्यवस्था की गई है। धाम में मेडिकल टीम की भी ड्यूटी सुनिश्चित की जायेगी जिससे किसी आकस्मिकता पर ससमय उचित चिकित्सा मुहैया की जा सके। काशीवासियों का प्रवेश प्रस्तावित नवीन मार्ग होगा । शुरूआत में इसे नेमी दर्शनार्थियों के लिए खोला जाएगा । व्यवस्था सुदृढ़ होने के बाद इसे काशीवासियों के लिए खोल दिया जाएगा।

****

अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर के पहले तल पर बन रहे राम दरबार के दर्शन के लिए श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अनुमति आवश्यक होगी। यह जानकारी ट्रस्ट के व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल अनुमति प्राप्त करने वाले श्रद्धालु ही राम दरबार का दर्शन करेंगे और बाकी श्रद्धालु निरंतर चल रही व्यवस्था के अनुसार श्रीरामलला का दर्शन कर सकेंगे।

****